संख्या-23/2023/5259/41-2022-113(सा0)/2022

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक 13 जनवरी, 2023

विषयः–पर्यटन विभाग के 17 पर्यटक आवास गृहों को पी0पी0पी0 के माध्यम से विकसित व संचालित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0–5946/8–16(PPP-30)/Main File/2021, दिनांक 17.11.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से पर्यटन विभाग के अधीन 17 पर्यटक आवास गृहों/इकाईयों को सार्वजनिक–निजी सहभागिता (पी0पी0पी0 मोड) के माध्यम से विकसित व संचालित किये जाने हेतु RFP/DCA (Request for Proposal Volume-1: Instruction to Bidders, Volume-II: Draft Concession Agreement and Volume-III : Draft Schedules to Concession Agreement) तथा शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं (बिडर्स) के मध्य निविदा कराये जाने हेतु मा0 मंत्रिपरिषद के अनुमोदनार्थ टिप्पणी/प्रस्ताव उपलबध कराया गया था।

2– अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम सम्भावनाओं के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड का गठन 05 अगस्त, 1974 को प्रदेश में पर्यटन के विकास हेतु अवस्थापना सुविधाओं के सृजन व संचालन के लिए किया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 द्वारा अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने, निर्मित करने, लीज पर लेने, होटल/मोटल/ रेस्टोरेन्ट/ट्रैवेलर्स लाज/गेस्ट हाउस व अन्य अवस्थापना सुविधाओं के संचालन का कार्य करता है।

3– उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लि0, पर्यटन विभाग उ0प्र0 शासन का एक उपक्रम है। विगत कई वर्षों में निगम की परिसम्पत्तियों की क्षमता के अनुरूप बहुत कम लाभ प्राप्त हुआ है तथा वर्ष 2020 व 2021 में कोविड–19 की महामारी के कारण प्रदेश के पर्यटन उद्योग को और अधिक क्षति हुई है। हास्पिटेलिटी उद्योग एक प्रतिस्पर्धात्मक उद्योग है तथा

इसके सफल संचालन के लिए कुशल व्यावसायिक प्रबन्धन आवश्यक है। हास्पिटेलिटी उद्योग में एक निश्चित अवधि के उपरान्त रेनोवेशन व आधुनिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने की बाध्यता रहती है। निगम के पास पर्याप्त संसाधन, पूँजी निवेश, आधुनिकीकृत सुविधा न होने के कारण पर्यटन इकाइयों को क्षमता के अनुरूप संचालित नहीं किया जा सका।

4— पर्यटन विभाग की असंचालित पर्यटक आवास गृहों को सार्वजनिक–निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु निविदाकर्ताओं (बिडर्स) को शार्टलिस्ट किये जाने हेतु आर0एफ0क्यू0 की ई–निविदा उत्तर प्रदेश पी0पी0पी0 गाइडलाइन–2016 (संशोधित गाइडलाइन– 2018) के पैरा 2.5 पर गठित सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति की उप समिति (sub-committee of Public Private Partnership Bid Evaluation Committee) की दिनांक 23–08–2022 को सम्पन्न बैठक में समिति के सदस्यों के समक्ष जिन पर्यटक आवास गृहों में 03 या 03 से अधिक बिड प्राप्त हुई हैं, उन 15 पर्यटक आवास गृहों की तकनीकी मूल्यांकन हेतु निविदा खोले जाने की संस्तुति पर्यटन अनुभाग के पत्र संख्या–2825/41–2022–113 (सा0)/2022, दिनांक 26–08–2022 द्वारा निर्गत कार्यवृत्त के माध्यम से प्रदान की गई।

5— उपर्युक्त समिति की संस्तुति के क्रम में पर्यटक आवास गृहों को पी0पी0पी0 मोड के माध्यम से विकसित व संचालित कराये जाने हेतु निविदाकर्ता (बिडर्स) को शार्टलिस्ट किये जाने के संबंध में खोली गयी निविदा में जिन पर्यटक आवास गृहों में 03 या 03 से अधिक निविदायें प्राप्त हुई हैं उनको खोले जाने तथा 14 पर्यटक आवास गृहों जिसमें 03 से कम निविदायें प्राप्त हुई, उनकी ई–निविदा खोले जाने हेतु दिनांक 07–09–2022 की तिथि निर्धारित की गयी।

उक्त असंचालित पर्यटक आवास गृहों को सार्वजनिक–निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति की उप समिति (Sub-committee of Public Private Partnership Bid Evaluation Committee) की दिनांक 07–09–2022 को सम्पन्न बैठक में समिति के सदस्यों के समक्ष 14 पर्यटक आवास गृहों की ई–निविदा खोली गयी, जिसमें 14 पर्यटक आवास गृहों की निविदाओं के सापेक्ष 03 पर्यटक आवास गृहों में 03 या 03 से अधिक निविदायें प्राप्त हुई, उनके तकनीकी मूल्यांकन हेतु निविदा खोले जाने तथा 11 पर्यटक आवास गृहों की, जिनमें 03 से कम निविदा प्राप्त हुई, उनकी पुनः ई–निविदा किये जाने की संस्तुति पर्यटन अनुभाग के पत्र संख्या–3045/41–2022 –113(सा0)/2022, दिनांक 07–09–2022 द्वारा निर्गत कार्यवृत्त के माध्यम से प्रदान की गई।

6— उपरोक्त के क्रम में सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति की उप समिति (sub-committee of Public Private Partnership Bid Evaluation Committee) के अनुमोदनोपरान्त असंचालित 18 पर्यटक आवास गृहों को सार्वजनिक–निजी सहभागिता (पी0पी0पी0 मोड) पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु विभागीय कन्सल्टेन्सी फर्म मेसर्स के.पी.एम.जी. द्वारा तैयार किये गये आर0एफ0पी0/डी0सी0ए0 (RFP/DCA -Request for Proposal Volume-1: Instruction to Bidders, Volume-II : Draft Concession

Agreement and Volume-III : Draft Schedules to Concession Agreement) तथा शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं (बिडर्स) पर PPPBEC (Public Private Partnership Bid Evaluation Committee) की दिनांक 16–09–2022 को बैठक आहूत की गयी।

7– अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के शासनादेश संख्या–3/2018/260/83–अव0–2018–34(अव0)/2013, दिनांक 29 जून, 2018 द्वारा प्रदेश में पी0पी0पी0 परियोजनाओं के संबंध में जारी ''गाइडलाइन्स फॉर सेलेक्शन ऑफ कन्सल्टेन्ट्स एण्ड डेवलपर्स फॉर पी0पी0पी0 प्रोजेक्ट्स इन उत्तर प्रदेश–2016 (संशोधित गाइडलाइन–2018) के चैप्टर–3 Process Flow chart for Development of Project on PPP पैरा 3.3 Selection of Developer के अनुसार निविदा की RFP/DCA (RFP-Request for Proposal Volume-1: Instruction to Bidders, Volume-II : Draft Concession Agreement and Volume-III : Draft Schedules to Concession Agreement) तथा शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं (बिडर्स) पर उपरोक्त गाइडलाइन के पैरा 2.3 पर गठित सार्वजनिक निजी सहभागिता निविदा मूल्यांकन समिति (Public Private Partnership Bid Evaluation Committee) की दिनांक 16.09.2022 को सम्पन्न बैठक के माध्यम से पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यवृत्त दिनांक 16 सितम्बर, 2022 द्वारा आर0एफ0पी0/डी0सी0ए0 प्रपत्रों पर अनुमोदन प्रदान करते हुए निविदा प्रपत्रों पर मा0 मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किये जाने की अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गयी। उक्त 15 पर्यटक आवास गृहों की खोली गयी निविदाओं में जनपद मथुरा में स्थित राही पर्यटक आवास गृह, बरसाना में 05 निविदायें प्राप्त हुईं। पर्यटक अधिकारी, मथुरा के पत्र संख्या–226/प0आ0गृह– मथुरा/2022 दिनांक 20 सितम्बर, 2022 की आख्या के अनुसार पर्यटक आवास गृह, बरसाना की भूमि तालाब के नाम अंकित पायी गयी, जो पर्यटन विभाग के नाम अन्तरित नहीं हो सकी है। इस कारण उक्त पर्यटक आवास गृह को प्रक्रिया से हटाते हुए शेष 17 पर्यटक आवास गृहों को पी0पी0पी0 मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने की कार्यवाही की गयी।

8– इस प्रकार पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन के कार्यवृत्त दिनांक 26 अगस्त, 2022 द्वारा 14 पर्यटक आवास गृहों एवं कार्यवृत्त दिनांक 07–09–2022 द्वारा 03 पर्यटक आवास गृहों को पी0पी0पी0 मोड पर विकसित व संचालित कराये जाने हेतु कुल 17 पर्यटक आवास गृहों की निविदा खोली गयी, जिसके सापेक्ष ई–निविदा में प्राप्त निम्नलिखित निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन विभागीय कन्सल्टेन्सी फर्म मेसर्स के.पी.एम.जी. द्वारा किया गया, जिसके उपरान्त निम्नलिखित फर्मो को शार्टलिस्ट किया गया है:–

क्र.सं.	नाम	जनपद	क्र0सं0	शार्टलिस्टेड बिडर का नाम	शार्टलिस्टेड बिडर की संख्या
1	राही पर्यटक आवास गृह, नरौरा	**बुलंदशहर**	1.	टेक्निकल कन्स्ट्रक्शन क0 (Technical Construction company)	04
			2.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt ltd)	

			3.	मार्शल इण्टरप्राइजेज (Marshal Enterprises)	
			4.	छाया डेवलेपमेण्ट सर्विसेज प्रा0लि0 (Chhaya Development Services Pvt ltd)	
2	राही पर्यटक आवास गृह, बिठूर	**कानपुर**	1.	श्री बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर (Shri Balaji Infrastructure)	08
			2.	श्री काशी कॉन्ट्रैक्टर्स (Shri Kashi Contractors)	
			3.	राजाराम (Rajaram)	
			4.	गोल्डेन इंजीनियरिंग वर्कस् (Golden Engineering Works)	
			5.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt ltd)	
			6.	सरस्वती होटल्स् (Sarswati Hotels)	
			7.	रूद्र फ्लोर मिल (Rudra Flour Mill)	
			8.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P Infrastructure Developers Pvt Ltd)	
3	राही पर्यटक आवास गृह, मथुरा	**मथुरा**	1.	श्री बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर (Shri Balaji Infrastructure)	09
			2.	राज कम्पनी एण्ड सप्लायर्स (Raj Company and Suppliers)	
			3.	सेफ्टेक इण्डिया प्रा0लि0 (Seftech India Pvt ltd)	
			4.	इनरशेल एलॉयज एण्ड स्टील प्रा0लि0 (Enershell Alloys and Steel Pvt ltd)	
			5.	टी.एल.के. आईस् एण्ड कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0 (TLK Ice and Cold Storage Pvt ltd)	
			6.	रयोट चिकोरी ग्रोवर्स एण्ड सप्लायर्स (Ryot chicory Growers and Suppliers)	
			7.	मार्डन लैमिनेटर्स लि0 (Modern Laminators Ltd)	
			8.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt Ltd)	
			9.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा.लि. (S & P Infrastructure Developers Pvt Ltd)	
4	राही पर्यटक आवास गृह, राधाकुण्ड	**मथुरा**	1.	श्री बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर (Shri Balaji Infrastructure)	07
			2.	इनरशेल एलॉयज एण्ड स्टील प्रा0लि0 (Enershell Alloys and Steel Pvt ltd)	
			3.	कृष्णा डिस्ट्रीबूटर्स एण्ड कान्ट्रैक्टर्स/पार्थ कैटरर्स एण्ड डेकोरेटर्स (Krishna Distributors and Contractors/ Parth Caterers & Decorators)	
			4.	बाबा इण्टरप्राईजेज/गर्ग इंजीनियर्स एण्ड सन्स (Baba Enterprises/ Garg Engineers & Sons)	
			5.	वाईएसएम बिल्डकॉन प्रा0लि0 (YSM Buildcon Pvt ltd)	
			6.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt ltd)	
			7.	इनोवेटिवीव (Innovatiview)	
5	राही पर्यटक आवास गृह, संकिसा	**फर्रूखाबाद**	1.	श्री बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर (Shri Balaji Infrastructure)	04
			2.	सर्वेश्वरी लॉजिंग सर्विसेज़ (Sarveshwari Lodging Services)	
			3.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt ltd)	
			4.	रूद्र फ्लोर मिल (Rudra Flour Mill)	
6	राही पर्यटक आवास गृह, शिकोहाबाद	**फिरोजाबाद**	1.	श्री बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर (Shri Balaji Infrastructure)	05
			2.	एआरबी होटल्स् एण्ड रिजार्टस् प्रा0लि0 (ARB Hotels and Resorts Pvt Ltd)	
			3.	किसान आईस एण्ड कोल्ड स्टोरेज (Kisan Ice and Cold Storage)	

			4.	मार्डन लैमिनेटर्स लि0 (Modern Laminators Ltd)	
			5.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P Infrastructure developers Pvt Ltd)	
7	राही पर्यटक आवास गृह, नीमसार	**सीतापुर**	1.	निशान्त इन्टरप्राइस (Nishant Enterprise)	09
			2.	श्री बालाजी इन्टरप्राइस (Shri Balaji Enterprise)	
			3.	दीप ओटोमोबाइल्स (Deep Automobiles)	
			4.	आनन्द हाईवे रिजार्टस/आनन्द कन्स्ट्रशन क0 (Anand Highway Resorts/ Anand Construction Company)	
			5.	मार्डन लैमिनेटर्स लि0 (Modern Laminators Ltd)	
			6.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt ltd)	
			7.	सर्वेश्वरी लॉजिंग सर्विस/सोनपट्टी फिलिंग स्टेशन (Sarveshwary Lodging Services / Sonpatti Filling Station)	
			8.	रूद्र फ्लोर मिल (Rudra Flour Mill)	
			9.	सिद्धार्थ डिस्ट्रीब्यूटर्स (Siddharth Distributors)	
8	राही पर्यटक आवास गृह, देवकली	**औरैया**	1.	श्री बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर (Shri Balaji Infrastructure)	03
			2.	राजाराम (Rajaram)	
			3.	गोल्डेन इंजीनियरिंग वर्कस् (Golden Engineering Works)	
9	राही पर्यटक आवास गृह, सोनौली	**महराजगंज**	1.	दीप मोटर्स (Deep Motors)	13
			2.	दीप आटोमोबाइल्स (Deep Automobiles)	
			3.	होटल सुयास पैलेस (Hotel Suyash Palace)	
			4.	जायसवाल राइस दाल एण्ड ऑयल मिल्स (Jaiswal Rice Dal and Oil Mills)	
			5.	निशान्त इन्टरप्राइसेस (Nishant enterprises)	
			6.	पवन पैलेस प्रा.लि./सत्यम ऑटोमोइल्स (कान्सट्र.) (Pawan Palace Pvt Ltd / Satyam Automobiles (Construction)	
			7.	वाराणसी बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स (Varanasi Builders and Developers Pvt Ltd)	
			8.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P Infrastructure and developers Pvt Ltd)	
			9.	पेंच जंगल रिसॉर्ट प्रा0लि0 (Pench Jungle Resorts Pvt Ltd)	
			10.	नोवा हॉस्पिटल लि0 (Nova Hospital Ltd)	
			11.	सर्वेश्वरी लॉजिंग सर्विसेस (Sarveshwari Lodging Services)	
			12.	सिद्धार्थ डिस्ट्रीब्यूटर्स (Siddharth Distributors)	
			13.	रूद्र फ्लोर मिल (Rudra flour Mill)	
10	राही पर्यटक आवास गृह, भदोही	**भदोही**	1.	दीप आटोमोबाइल्स (Deep Automobiles)	04
			2.	सर्वेश्वरी लॉजिंग सर्विसेस (Sarveshwary Lodging Services)	
			3.	रूद्र फ्लोर मिल (Rudra Flour Mill)	
			4.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P infrastructure Developers Pvt Ltd)	
11	गोकुल रेस्टोरेन्ट	**मथुरा**	1.	एआरबी होटल्स एण्ड रिसॉर्ट प्रा0लि0 (ARB HOTELS &RESORTS PVT Ltd)	14
			2.	ग्लोबल इंजीनियर सर्विस (Global Engineer services)	
			3.	टी.एल.के. आईस एण्ड कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0 (TLK ICE &	

				COLD STORAGE Pvt Ltd)	
			4.	इनरशेल एलॉयज एण्ड स्टील प्रा0लि0 (Enershell Alloys & Steel Pvt ltd)	
			5.	रयोट चिकोरी ग्रोवर्स एण्ड सप्लॉयर्स (Ryot Chicory Growers and Suppliers)	
			6.	राज कम्पनी एण्ड सप्लॉयर्स (Raj Company & Suppliers)	
			7.	शिवम कन्ट्रक्शन्स (Shivam Constructions)	
			8.	पेंच जंगल रिजॉर्ट प्रा0लि0 (Pench Jungle Resorts Pvt Ltd)	
			9.	सर्वेश्वरी लॉजिंग सर्विसेस (Sarveshwari Lodging Services)	
			10.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosport and Adventures Pvt ltd)	
			11.	बी.एन. गोयल एण्ड कम्पनी (BN Goel & company)	
			12.	रूद्र फ्लोर मिल (Rudra Flour Mill)	
			13.	ऐस्ट्रो आर्चीनियर्स (Astro Archineers)	
			14.	चिनार रोड ऑपरेसन्स एण्ड सिक्योरिटी सर्विसेस (Chinar Road Operations and Security Services)	
12	राही पर्यटक आवास गृह, गोकुल गाँव	**मथुरा**	1.	इनरशेल एलॉय एण्ड स्टील प्रा0लि0 (Enershell Alloys & Steel Pvt Ltd)	04
			2.	टी.एल.के. आईस एण्ड कोल्ड स्टोरेज प्रा0लि0 (TLK Ice and Cold Storage Pvt Ltd)	
			3.	रयोट चिकोरी ग्रोवर्स एण्ड सप्लॉयर्स (Ryot Chicory Growers and Suppliers)	
			4.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt Ltd)	
13	राही पर्यटक आवास गृह, बटेश्वर	**आगरा**	1.	इनरशेल एलॉयज एण्ड स्टील प्रा0लि0 (Enershell Alloys and Steel Pvt ltd)	05
			2.	पेंच जंगल रिसॉर्टस प्रा0लि0 (Pench Jungle Resorts Pvt ltd)	
			3.	राजस ऐयरोस्पोर्टस एण्ड एडवेंचर्स प्रा0लि0 (Rajas Aerosports and Adventures Pvt Ltd)	
			4.	सिद्धार्थ डिस्ट्रीब्यूटर्स (कान्सट्र.) (Siddharth Distributors (Constru.)	
			5.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P Infrastructure Developers Pvt Ltd)	
14	राही पर्यटक आवास गृह, देवगढ़	**ललितपुर**	1.	राजाराम (Rajaram)	03
			2.	गोल्डेन इंजीनियरिंग वर्क्स (Golden Engineering Works)	
			3.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S&P Infrastructure Developers Pvt Ltd)	
15	राही पर्यटक आवास गृह, चुनार	**मिर्जापुर**	1.	सर्वेश्वरी लॉजिंग सर्विसेस (Sarveshwari Lodging Services)	04
			2.	सिद्धार्थ डिस्ट्रीब्यूटर्स (कान्सट्र.) (Siddharth Distributors (Constru.)	
			3.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P Infrastructure Developers Pvt Ltd)	
			4.	रूद्र फ्लोर मिल (Rudra Flour Mill)	
16	राही पर्यटक आवास गृह, कालिंजर	**बांदा**	1.	करीबीन ओवरसीज़ प्रा0लि0 (Karribean Overseas Pvt Ltd)	04
			2.	पेंच जंगल रिसॉर्टस प्रा0लि0 (Pench Jungle Resorts Pvt Ltd)	
			3.	सिद्धार्थ डिस्ट्रीब्यूटर्स (कान्सट्र.) (Siddharth Distributors (Constru.)	

			4.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P Infrastructure Developers Pvt Ltd)	
17	राही पर्यटक आवास गृह, साण्डी झील	**हरदोई**	1.	माँ वैष्णो इलेक्ट्रॉनिक (Maa Vaishno Electronic)	03
			2.	सिद्धार्थ डिस्ट्रीब्यूटर्स (कान्सट्र.) (Siddharth Distributors (Constru.)	
			3.	एस एण्ड पी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलेपर्स प्रा0लि0 (S & P Infrastructure Developers Pvt Ltd)	

9— उपर्युक्त सूची के क्रमांक–3 पर अंकित राही पर्यटक आवास गृह, सिविल लाईन्स, मथुरा की इकाई नजूल भूमि के रूप में अंकित है, जिस पर आवास विभाग की अनापत्ति एवं क्रमांक–16 पर अंकित राही पर्यटक आवास गृह, कालिंजर, बांदा इकाई की भूमि राजस्व विभाग के नाम दर्ज है, जिस पर राजस्व विभाग की अनापत्ति प्राप्त करने के उपरान्त उक्त इकाईयों को सार्वजनिक–निजी सहभागिता (पी0पी0पी0 मोड) पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित व संचालित कराये जाने हेतु अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

10— अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **पर्यटन विभाग के उपर्युक्त 17 पर्यटक आवास गृहों को पी0पी0पी0 के माध्यम से विकसित व संचालित किये** जाने हेतु मा0 मंत्रि-परिषद की बैठक दिनांक 11.01.2023 में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं :-

(क) उपरोक्त प्रस्तर–8 पर उल्लिखित पर्यटन विभाग के असंचालित 17 पर्यटक आवास गृहों को सार्वजनिक निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित व संचालित कराये जाने हेतु RFP/DCA (Request for Proposal Volume-1: Instruction to Bidders, Volume-II: Draft Concession Agreement and Volume-III : Draft Schedules to Concession Agreement) पर अनुमोदन प्रदान।

(ख) उपरोक्त प्रस्तर–8 पर उल्लिखित शार्टलिस्टेड निविदाकर्ताओं (बिडर्स) के मध्य एच–1 के आधार पर निविदा कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान।

(ग) उपरोक्त प्रस्तर–9 पर उल्लिखित इकाईयों को सार्वजनिक–निजी सहभागिता (पी0पी0पी0) मोड पर निजी निवेशकों के माध्यम से विकसित व संचालित कराये जाने पर अनुमोदन प्रदान।

(घ) प्रकरण में अग्रतर आवश्यक निर्णय हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया जाना।

11- **पर्यटन विभाग के 17 पर्यटक आवास गृहों/इकाईयों को पी0पी0पी0 मोड के माध्यम से विकसित व संचालित किये** जाने हेतु निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(1) परियोजना की कुल लागत का 03 प्रतिशत परफार्मेन्स सिक्योरिटी निर्धारित किया जायेगा।

(2) परियोजना पर राज्य सरकार द्वारा कोई व्यय भार वहन नहीं किया जायेगा।

(3) परियोजना के क्रियान्वयन हेतु अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा निर्गत पी0पी0पी0 गाइडलाइन्स-2016 (संशोधित) में प्रख्यापित व्यवस्था के अनुपालन में किसी विचलन की स्थिति उत्पन्न न होने पाये।

(5) भू-राजस्व से सम्बन्धित अधिनियमों/नियमों/शासनादेशों में प्रचलित विधियों एवं समय-समय पर दिये गये मा0 न्यायालयों के आदेश का किसी भी दशा में उल्लंघन न होने पाये।

12- अत: कृपया तदनुसार प्रकरण में उपर्युक्त निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में अग्रत्तर कार्यवाही सुनिश्चित कर शासन को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0 शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0 प्र0।
4. **अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव**
   न्याय विभाग, वित्त विभाग, नियोजन विभाग, राजस्व विभाग, संस्कृति विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निजी सचिव, मा0 मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उ0 प्र0।
6. समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0।
7. सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
8. प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लि0, लखनऊ।
9. समस्त संयुक्त निदेशक/उप निदेशक, पर्यटन एवं क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव